अमर उजाला 06/03/2025

# लड़कियों को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज की एनएसएस की बालिका इकाई ने लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम के महत्व, लाभ और मुख्य बातों पर प्रकाश डाला।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लड़कियों को आत्मरक्षा कौशल से सशक्त बनाना, उन्हें कमजोर परिस्थितियों में खुद को बचाने के लिए व्यावहारिक तकनीकों से लैस करना और लड़कियों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज ने कहा कि इस प्रशिक्षण से लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

इस तरह के प्रशिक्षण से लड़कियों में कमजोर परिस्थितियों से निपटने के लिए अधिक आत्मविश्वास और सशक्तीकरण की भावना पैदा होगी। लड़कियों ने संभावित जोखिमों और उन्हें कम करने के तरीकों के बारे में बेहतर समझ का प्रदर्शन किया।